RAJYA SABHA

Wednesday, the 25th July, 2001/3 Sravana, 1923 (Saka)

The House met at eleven of the clock, MR. CHAIRMAN in the Chair

MEMBERS SWORN

1. Shri S.S. Chandran	(Tamil Nadu)
2. Shri B.S. Gnanadesikan	(Tamil Nadu)
3. Shrimati S. Gokula Indira	(Tamil Nadu)
4. Shri R. Kamaraj	(Tamil Nadu)
5. Shri P.G. Narayanan	(Tamil Nadu)
6. Shri R. Sarath Kumar	(Tamil Nadu)

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

जम्मू और कश्मीर संबंधी नीति

@*41. **श्री राम जेठमलानी:**†

श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन':

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान 1 जून, 2001 के 'इकॉनमिक टाइम्स' में "कश्मीर पालिसी चेंज रेस्पेक्टिंग वर्ल्ड ओपीनियन इन नेशनल इन्टरेस्ट: पी० एम०" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि सरकार ने जम्मू और कश्मीर के संबंध में अपनी पूर्व नीति में परिवर्तन किया है; और

(ग) यदि हां, तो हाल ही में किये गये परिवर्तनों का ब्यौरा क्या है?

@तारांकित प्रश्न सं० 41 और 57 के साथ-साथ लिए गए।

†सभा में यह प्रश्न श्री राम जेठमलानी द्वारा पूछा गया।

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) जी हां, श्रीमान, सरकार को प्रश्नाधीन समाचार की जानकारी है।

(ख) और (ग) जम्मू और कश्मीर के बारे में सरकार की नीति में कोई परिवर्तन आया है। सरकार के सभी प्रयासों का लक्ष्य अशांत राज्य में शांति और सामान्य हालात बहाल करने का है। एकतरफा रमजान शांति पहल की घोषणा जो 6 महीनों तक चली, आतंकवादी ग्रुपों के उपयुक्त जवाब के अभाव में इसका वापस लिया जाना और पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ को निमंत्रण इन सभी को इस परिपेक्षय में देखा जाना चाहिए।

Jammu and Kashmir Policy

*@†*41. SHRI RAM JETHMALANI:††
SHRI RAJIV RANJAN SINGH 'LALAN':

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the news-item published in the Economic Times dated 1st June, 2001, under the caption "Kashmir policy changed respecting world opinion in National interest: PM";

(b) if so, whether it is a fact that Government have altered its earlier policy with regard to Jammu and Kashmir; and

(c) if so, the details of the alterations made recently?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): (a) Yes, Sir; the Government is aware of the media report in question.

(b) and (c) There is no changed in the policy of the Government with regard to Jammu & Kashmir. All efforts of the Government are directed at restoring peace and normalcy in the trouble-torn State. Announcement of the unilateral Ramzan peace initiative which continued for 6 months; its revocation in the absence of proper response from the terrorist groups; and the invitation to

@ Starred Question Nos. 41 and 57 were taken together.
† Original notice of the question was received in Hindi.
†† The question was actually asked on the floor of the house by Shri Ram Jethmalani.

General Pervez Musharraf, President of Pakistan should all be seen in that perspective.

जम्मू और कश्मीर में संघर्ष-विराम वापस लेने के पश्चात् हिंसक वारदातें

@*57. श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन':†
श्री कपिल सिब्बल:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा एकतरफा संघर्ष-विराम वापस लेने के बाद से जम्मू और कश्मीर में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा की गई हिंसक वारदातों की संख्या का पता लगाया गया है;

(ख) यदि हां, तो 23 मई, 2001 से 30 जून, 2001 तक इन आतंकवादियों द्वारा कुल कितनी हिंसक वारदातें की गयीं; और

(ग) उक्त अवधि के दौरान मारे गये सुरक्षा कर्मियों, असैनिकों और आतंकवादियों की संख्या कितनी-कितनी है?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) और (ख) एकतरफा संघर्ष-विराम वापस लेने अर्थात् 1 जून से 30 जून, 2001 के पश्चात् जम्मू और कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं की कुल संख्या 372 है।

(ग) 1 जून और 30 जून, 2001 के बीच 41 सुरक्षा कर्मियों और 53 सिविलियनों ने आतंकवादी हिंसा में अपनी जान गंवाई। इस अवधि के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा 217 आतंकवादी भी मारे गए।

@तारांकित प्रश्न सं॰ 41 और 57 के साथ-साथ लिए गए।
†सभा में यह प्रश्न श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' द्वारा पूछा गया।

Violent incidents in J and K after withdrawal of ceasefire

@†*57. SHRI RAJIV RANJAN SINGH 'LALAN':††
SHRI KAPIL SIBAL:

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government have identified the number of violent incidents by Pakistan-backed terrorists after withdrawal of unilateral ceasefire in Jammu and Kashmir;

(b) if so, the number of incidents of violence committed by the terrorists from 23rd May, 2001 till 30th June, 2001; and

(c) the total number of human lives of security personnels, civilians and terrorists, separately, lost during the said period?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): (a) and (b) The total number of terrorist incidents in J&K after the withdrawal of unilateral ceasefire *i.e.* from 1st June to 30th June 2001 is 372.

(c) Between 1st June and 30th June, 2001, 41 security personnel and 53 civilians lost their lives in the terrorist violence, 217 terrorists were also killed during the period by security forces.

SHRI RAM JETHMALANI: Sir, I know this matter is coming up for a more structured debate next week before the House. I do not want to ask any inconvenient supplementary questions. But I am seeking very useful information, which will help to decide the nature of arguments on the debate. India produced a very great man, whom I personally consider one of the greatest men, that is, Shri Lal Bahadur Shastri. He produced for India the Tashkent Declaration, which, according to me, settled the Kashmir problem for all time. It provided that neither party shall changed the *status quo* by force; and what is more important is that, neither party shall carry on any propaganda directed against the other. Now, there is a reference in

---

@ Starred Question Nos. 41 and 57 were taken together.

† Original notice of the question was received in Hindi.

†† The question was actually asked on the floor of the House by Shri Rajiv Ranjan Singh 'Lalan'.

this answer to the coming of President Pervez Musharraf. I want to know whether in the brief prepared for the gentlemen who were negotiating with the President, or during the course of the entire talks, when the President of Pakistan said that they were lending moral support to the terrorists, but not other support, was he told that even moral support to the terrorists was inconsistent with the Tashkent Declaration? I want to know whether the Tashkent Declaration is being regarded as dead. Sir, it is a matter of deep regret that the Congressmen all the time talk of the Shimla Agreement; and our BJP people have begun to talk only of the Lahore Declaration. But the most important document which conclusively settled this problem once and for all, and which should be the document on which India should reply throughout any negotiation with Pakistan, is totally forgotten. I want to know whether the Government sticks to the Tashkent Declaration because the Shimla Agreement, if it was a repudiation of the Tashkent Declaration, it was the greatest betrayal of Indian national interest. But if, by that document the late Prime Minister, Mrs. Gandhi, had told Shri Bhutto that when he met her next time, she would tell him that that issue was closed by the Tashkent Declaration, that is the only defensive explanation of the Shimla Agreement; otherwise, it is a document of betrayal. I want to know what is the position of the present Government? What attitude did they take during this conference? I would like to know what the position of the present Government is and what attitude they took during this Conference.

SHRI L.K. ADVANI: Mr. Chairman, Sir, about the Conference which the hon. Member has just now referred to there is likely to be a structured debate sometime next week. There was a reference to the Shimla Agreement, to the Lahore Declaration, but he is right when he says that the Shimla Agreement, in a way, supplemented or re-inforced the Tashkent Agreement. In the Tashkent Agreement, to the best of my recollection, there was a reference even to the Line of Control—that it would not be altered without having mutual consultations etc. and the issue of Jammu and Kashmir itself would be resolved through bilateral discussions and by no other means.

This, as far as I recall, was very specifically stated in that. Therefore, this Government is committed to that declaration also.

SHRI RAM JETHMALANI: Sir, I am very happy to know that and I have no further questions to put.

श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन': सभापति महोदय, ...(व्यवधान)...

MR. CHAIRMAN: You have already put this question and he has replied.

SHRI RAJIV RANJAN SINGH 'LALAN': Mr. Chairman, Sir, Question No. 57 is in my name.

SHRI PRANAB MUKHERJEE: All the three questions, Question Nos. 41, 43 and 57 could be clubbed together.

SHRI L.K. ADVANI: I have no objection to it except that, as the hon. Member rightly said, Question No. 41 relates to Policy whereas Question Nos. 43 and 57 relate to killings. Therefore, perhaps, Question Nos. 43 and 57 could be taken up together whereas Question No. 41 could be dealt with separately.

SHRI PRANAB MUKHERJEE: Let the Chair decide.

MR. CHAIRMAN: Somebody has told me that Question No. 59 could also be clubbed. All these questions are interlinked.

SHRI L.K. ADVANI: Mr. Chairman, Sir, Question No. 41 is less related to the facts and more related to the approach of the Government whereas the other Questions are related to the situation in Jammu and Kashmir and killings, etc.

श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन':सभापति महोदय, जम्मू और कश्मीर के सवाल पर भारत का रुख स्पष्ट था कि पाकिस्तान से तब तक कोई वार्ता नहीं होगी जब तक कि पाकिस्तान घुसपैठ को कम करने के संबंध में स्पष्ट आश्वासन नहीं देता है, वहां से आतंकवादियों को बढ़ावा देने की कार्रवाई को वह जब तक बंद नहीं करता है तब तक पाकिस्तान से कोई वार्ता नहीं होगी। इसी संदर्भ में भारत के प्रधान मंत्री जी ने बार-बार कहा था कि इसमें किसी तीसरे देश का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, लेकिन युद्ध-विराम की समाप्ति की एकतरफा घोषणा के साथ-साथ पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल मुशर्रफ को भारत आने का न्यौता दिया गया और बातचीत प्रारम्भ की गई। मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि कौन-सी ऐसी परिस्थिति थी जिसके

दबाव में आकर, बिना अपनी घोषित नीति में परिवर्तन किए, सरकार को जनरल मुशर्रफ को यहां आने का न्यौता देना पड़ा?

श्री हंसराज भारद्वाज: यह शायद आडवाणी जी को नहीं मालूम, प्राइम मिनिस्टर बताएंगे।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी: सभापति जी, जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद कई वर्षों से चलता आया है लेकिन इसके बावजूद भारत सरकार ने कभी यह निर्णय नहीं किया कि हम पाकिस्तान से बातचीत भी नहीं करेंगे। यह निर्णय पहली बार कारगिल के युद्ध के बाद हुआ। कारगिल के युद्ध के पहले तक हम यह जानते हुए भी कि वहां पर इस प्रकार का आतंकवाद चल रहा है और यह पाकिस्तान द्वारा प्रेरित है, तो भी हम वार्ता करते थे, बातचीत होती थी, जम्मू-कश्मीर पर भी बातचीत होती थी लेकिन कारगिल के युद्ध के बाद यह निर्णय हुआ। कारगिल के युद्ध के पहले लाहौर की यात्रा प्रधानमंत्री ने की और जिस समय वे लाहौर की यात्रा कर रहे थे, उसी समय कारगिल की सारी तैयारी चल रही थी, उसके बाद कारगिल का युद्ध हुआ और वह युद्ध जुलाई में समाप्त हुआ, कल 26 जुलाई को वह दिन है। उसके बाद यह देखा गया कि युद्ध तो समाप्त हो गया लेकिन वहां पर आतंकवाद की घटनाएं और बढ़ गईं। तब यह निर्णय हुआ और उस निर्णय की घोषणा भी हो गई और उसके अनुसार कार्य भी होता रहा।

सभापति महोदय, मैं मानता हूं कि जुलाई से लेकर लगातार डेढ़ साल तक जो यह नीति चली कि हम उनसे बात भी नहीं करेंगे और उनके ऊपर दबाव डालते रहेंगे कि तुम वार्ता करना चाहते हो तो पहले आतंकवाद बंद करो, प्रॉक्सी वॉर बंद करो, उस दौरान हमने दुनिया भर में आतंकवाद के खिलाफ जनमत संग्रह करने की कोशिश की, अनेक देशों से बातचीत करने हमने प्रोटोकॉल साईन किया, अनेक देशों के साथ मिलकर ज्वाइंट वर्किंग ग्रुप ऐस्टेब्लिश किए। मैं मानता हूं कि उस डेढ़ साल के दौरान भारत सरकार को यह सफलता जरूर मिली कि उससे पहले जब जम्मू-कश्मीर में कोई हिंसात्मक घटना होती थी तो जम्मू-कश्मीर का मामला उभरकर इंटरनेशनलाइज़ हो जाता था, जबकि कारगिल के युद्ध के बाद इस नीति के परिणामस्वरूप इस डेढ़ साल में अगर वहां कोई भी हिंसा की घटना हुई जिसमें लोग मारे गए तो दुनिया के सामने पाकिस्तान का क्रॉस बॉर्डर टैररिज्म फोकस में आया और उसका भारत को बहुत लाभ हुआ।

सभापति महोदय, मैं मानता हूं कि यह जो 6 महीने का समय था इसको सीज़फॉयर कहना उचित नहीं है, सिक्योरिटी फोर्सेज के लोग उसको "नीको" कहते हैं-नॉन इनिशियेशन ऑफ काम्बैट ऑपरेशंस, वह "नीको" का जो फेज़ था, उस फेज़ में हमको बहुत क्षति हुई। इसकी स्वीकृति मैंने इस प्रश्न के उत्तर में दी है कि उस समय सिविलियंस भी ज्यादा मारे गए और सिक्योरिटी फोर्सेज के लोग भी ज्यादा मारे गए, मिलिटेंट्स अपेक्षाकृत कम मारे गए उन 6 महीनों

में। इसके बाद यह निर्णय हुआ कि हमको इस नीति का जितना लाभ होना था वह हो चुका है और इसीलिए अब समय आ गया है कि एक तरफ तो हम अपने प्रो-ऐक्टिव नीति मिलिटेंट्स के खिलाफ फिर से जारी करें और लोग जिसको सीज़फायर कहते हैं उसको खत्म करें, दूसरी तरफ दुनिया के लोग भी धीरे-धीरे यह कहने लगे हैं कि बात को करो, अगर प्रॉक्सी वॉर भी खत्म करनी है तो बात तो करो। हमने यह तय किया कि आगे चलकर कोई हम पर दबाव डाले और इस तरह की बात जोर से कहने लगे, इसके बजाय हम अपनी तरफ से मिलिटेंट्स के खिलाफ प्रो-ऐक्टिव ऐक्टिविटी जारी करें और दूसरी तरफ वहां के राष्ट्रपति जो यह कहते हैं कि मैं कहीं पर भी आने को तैयार हूं, किसी समय भी बात करने को तैयार हूं तो क्यों न उन्हें बुलाया जाए। हमारे यहां अपनी पार्टी के और दूसरी पार्टियों के भी बहुत सारे लोग कहने लगे कि बुलाया करो। मुझे याद है कि कल दूसरे सदन में प्रणब जी का कोटेशन हुआ कि उन्होंने ऐसा कहा था और उसमें कोई आपत्ति की बात भी नहीं है। इसीलिए यह निर्णय किया गया। चूंकि 31 मई को 6 महीने खत्म होने वाले थे, इसलिए 23 मई को यह तय हुआ कि हम एक तरफ तो मिलिटेंसी के खिलाफ अपनी प्रो-ऐक्टिव नीति फिर से जारी करें और दूसरी तरफ वहां के राष्ट्रपति को यहां आमंत्रित करें और देखें कि वास्तव में वे शांति चाहते हैं या नहीं। हम तो कम से कम शांति चाहते हैं, इसके अनेक प्रमाण भारत दे चुका है। यह हमारी नीति है।

SHRI KAPIL SIBAL: Mr. Chairman, Sir, it is very interesting that in response to my colleague Mr. Jethmalani's question, the Government has said that in the absence of a proper response from the terrorist groups, we revoked the unilateral ceasefire. That is the response. What response did the Government expect from the terrorist groups when you imposed the unilateral ceasefire? Please let us know. Rather, more civilian were killed, more security forces were killed. When you actually declared the unilateral cease-fire or NICO, did you expect that fewer civilian would be killed and less security personnel would be killed? Did you expect that the response from the terrorists would be favourable to you? Please tell us why did you declare unilateral cease-fire? What were your expectations at that point of time?

श्री लाल कृष्ण आडवाणी: सिब्बल जी, याद करें कि पहला-पहला जो यूनिलेटरल सीजफायर था उसका जो इनीसिएटिव लिया गया वह हमने लिया। पहली बार अगर किसी ने लिया तो एक मिलिटेंट ग्रुप ने लिया जिसका नाम था हिजबुल मुजाहिदीन। वह कुछ महीने पहले की बात है। वह बहुत थोड़े दिन चला। लेकिन यह बात सही है कि रमजान के बारे में 'निको'

का इनिसिएटिव भारत सरकार ने लिया और वह लिया तो पहले एक-डेढ़ महीने किलिंग्स भी कम हुई और यहां तक कि जम्मू-कश्मीर में जाकर के पूछें तो वहां के लोग कहेंगे कि वर्षों में पहली बार हमने रमजान मनाया। यह वहां पर खुशी हुई। इसीलिए पहले शुरू में उसके कारण यह जो मिलिटेंट आर्गेनाइजेशन थे उन्होंने रेस्पांड नहीं किया। लेकिन फिर भी शुरू के महीनों में वायलेंस कम हुई और कुल मिला करके रमजान भी अच्छी तरह से मनाया गया और उसके बाद जब सरकार ने उसको एक्सटेंड किया तो उस स्टेज पर भी पोलिटिकल पार्टीज से कंसल्ट किया गया और अधिकांश पोलिटिकल पार्टीज ने कहा कि इसको कंटीन्यू करना चाहिए।

श्री कपिल सिब्बल: किलिंग्स उस समय में ज्यादा हुई, मैं आपको आंकड़े दे सकता हूं।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी: नहीं-नहीं, मैं ....**(व्यवधान)**

श्री कपिल सिब्बल: आप जो सदन को कह रहे हैं वह गलत है। मैं आपको हर फेज से आंकड़े दे सकता हूं। 26 सितम्बर से लेकर 27 नवम्बर तक सिक्योरिटी फोर्सेज की 56, टेरोरिस्ट की 59, सिविलियन की 96 किलिंग्स हुई। 28 नवम्बर से लेकर 27 दिसम्बर तक 44 सिक्योरिटी फोर्सेज की, 76 टेरोरिस्ट की और 84 सिविलियन की किलिंग्स हुई। मैं हर फेज के आंकड़े आपको दे सकता हूं। यह जो आपने कहा है कि कम हुई यह गलत है।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी: मैं मानता हूं कि रमजान के महीनों में कम हुई थी।

श्री कपिल सिब्बल: रमजान तो नवम्बर में था। दिसम्बर, जनवरी ....**(व्यवधान)**

श्री लाल कृष्ण आडवाणी: 27 नवम्बर से शुरू हुई और दिसम्बर के महीने में कम हुई थी।

श्री कपिल सिब्बल: नहीं, जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई तक आपका सीजफायर चला। अगर 15-20 दिन या एक महीना कम हुई तो उसका You had put our civilians to jeopardy in the State of Jammu and Kashmir. More security forces were killed. This is what you expected from the terrorists.

SHRI L. K. ADVANI: Well, I did not expect that from the terrorists. It was a move, it was an initiative, which was welcomed by almost everyone at that phase. But the extension proved costly.

श्री सी॰ एम॰ इब्राहीम: सर, कश्मीर की पालिसी में जो तब्दील की बात है क्या यह बात सच है? क्योंकि तीन दिन पहले टाइम्स आफ इंडिया में बंगलौर में छपा है कि डिस-इंवेस्टमेंट आफ कश्मीर। क्या गवर्नमेंट इस तरह की कोई बात सोच रही है? क्योंकि कश्मीर के अंदर 40 लाख

लोग अगर इस्लाम के नाम पर जेहाद करते हैं तो हिन्दुस्तान का 24 करोड़ मुसलमान उसका जवाब देने के लिए तैयार है। हमारी लाशों पर कश्मीर का बंटवारा होगा, कश्मीर हिन्दुस्तान का एक अटूट हिस्सा है, कभी उस चीज को हम मानेंगे नहीं। क्या ऐसी पालिसी है? इंटरनेशनल फोरम में इस्लामिक वर्ल्ड आर्गनाइजेशन में इफेक्टिवली इंडिया की तरफ से कोई पब्लिसिटी या पी०आर०ओ० का काम हुआ? हिन्दुस्तान के उलेमाओं की मीटिंग थी हाल में, चार सौ से अधिक लोग आए हुए थे। वे लोग पूरी तरह से आपको इसमें सहकार देने के लिए तैयार हैं। क्या आप उनसे सहकार लेंगे? 1995 से 1996 तक जब चुनाव हुआ उस वक्त भी किलिंग्स नहीं थी। उस वक्त की नीति क्या थी और आज उस नीति में क्या परिवर्तन आया है? वहां के मुख्य मंत्री को इस बातचीत में एक्चुअली इंवोल्व किया गया है या नहीं, यह जानते हुए कि हुर्रियत हिन्दुस्तान से कश्मीर को अलग करना चाहता है? तो फिर हुकूमते हिन्द क्यों हुर्रियत को इतना तआवुन दे रही है।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी: सभापति महोदय, माननीय सदस्य श्री इब्राहीम साहब ने जो बातें कहीं हैं उनमें से अधिकांश ऐसी हैं जिनसे मैं समझता हूं कि पूरा सदन सहमत होगा। जम्मू-कश्मीर भारत का एक अभिन्न अंग है और इस विषय में कभी किसी से समझौता नहीं हो सकता। यह जो गलतफहमी सीमा के उस पार है जिसके आधार पर वे समझते हैं कि हिन्दुस्तान के कुछ लोग हॉक्स हैं, डम्स हैं, ये हैं, वे हैं, मैं मानता हूं कि इस विषय पर अगर ये जनमत देखें तो किसी भी सम्प्रदाय का हो, किसी भी क्षेत्र का हो, किसी भी पार्टी का हो, इस मामले में सारा देश एकमत है। देश के एक सौ करोड़ लोग एकमत हैं कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है इसमें कोई समझौता नहीं होगा। मैं तो यह देखकर थोड़ा हैरान हुआ जब उस तरफ से कहा गया है कि "जम्मू-कश्मीर इज दा कोर इश्यु" और तब उसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि यह आप बार-बार कहते रहे हैं कि वह अटूट अंग है, यह नहीं चलेगा। जम्मू-कश्मीर को जब तक आप डिसप्यूटिड टेरीटरी नहीं मानते तब तक आपने उसको कोर इश्यु माना ही नहीं, ऐसा वह मानते हैं।

मैं मानता हूं कि हिन्दुस्तान की जनता खासकर जब 78 प्रतिशत जनता कहती है कि हां, मेन इश्यु है तो उनके मन में यह है कि वहां पर मेन इश्यु इसलिए है क्योंकि वहां पर पाकिस्तान उसको भारत का अभिन्न अंग मानने को तैयार नहीं है और नम्बर दो, वहां पर लगातार बेगुनाहों की हत्याएं जो हो रही हैं उसको वह कहते हैं कि यह तो फ्रीडम स्ट्रगल चल रही है। इसके कारण हिन्दुस्तान की 78 प्रतिशत जनता कहती है कि वह मेन इश्यु है जिसको पाकिस्तान स्वीकार करे अन्यथा क्या चर्चा होगी।

श्री सी०एम० इब्राहीम: सर हुर्रियत के बारे में बताइये?

श्री लाल कृष्ण आडवाणी: आपने जो हुर्रियत की बात कही है उसके बारे में भारत सरकार ने विगत दिनों में अपना दृष्टिकोण बहुत स्पष्ट किया है। हुर्रियत एक ग्रुप है, एक संस्था है। हम जब कश्मीर के सब लोगों से सलाह-मशविरा करते हैं तो उनसे भी सलाह-मशविरा करने के लिए तैयार हैं। लेकिन अगर कोई यह कहे कि वे ही जम्मू-कश्मीर के प्रतिनिधि हैं तो वे बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं।

श्री सी॰एम॰ इब्राहीम: सर, इसमें चीफ मिनिस्टर का रोल क्या रहा है?

श्री लाल कृष्ण आडवाणी: बहुत अच्छा रहा है।

SHRI NILOTPAL BASU: Sir, as I understand, our Jammu and Kashmir Policy, which, as hon. Home Minister has stated, has not undergone any change, is aimed at not only ensuring physical and military control over a geographic area, but it is as much a question of winning the hearts of the people staying in Jammu and Kashmir. Now, through you, Sir, I would like to know this. What we felt is this. The most representative body of Jammu and Kashmir, that is, the elected legislature, passed an autonomy resolution and that autonomy resolution may have had components or elements over which there could be disagreements across the political spectrum in the country. But, at the same time, that resolution was within the framework of the united and integrated character of Jammu and Kashmir, within the framework of the Indian Constitution. So, I would like to know whether the out-of-hand rejection of any possibility of discussion on that autonomy resolution strengthens the efforts of the Government of India's policy, the Jammu and Kashmir policy, which we are pursuing at this point of time.

SHRI L. K. ADVANI: Sir, hon. Mr. Nilotpal Basu has put a question which, I think, this House has discussed thoroughly earlier. But I would refer to the first part....*(Interruption)*.

SHRI NILOTPAL BASU: No, we have not discussed.

SHRI L.K. ADVANI: We have discussed. *(Interruption)*. Please, let me say this. So far as the first part of your question is concerned, about winning the hearts of the people there, I may share with this

House, the very pleasant surprise of my own when I visited, last month or a couple of months back, the villages near Turtuk which is just on the border—it is one village or there is a group of villages—which had been part of the Pakistan-occupied Kashmir for some time, but which came back to us in 1971 and which, since 1971, have been with India. And I was pleasantly surprised to see the kind of development that had taken place there, the kind of educational growth that was taking place there, and that was being done mainly by the Army, with the cooperation of the State administration, and it was very well being done. So much so, that was one area which I visited along with many other colleagues of mine, and to my surprise, there was no need of any security of any kind. The entire people there, men, women and children assembled in a manner to greet me, and to greet the army commander, who was accompanying me, which surprised me. And what was being done there, needs to be replicated in other parts of the State also. That is what I felt. The second part of your question relates to the autonomy Resolution passed by the Assembly. I would plead with all Members to go through that Resolution. You would find that it does not ask for autonomy or greater powers in this field or that field. But the sum and substance of that Resolution is that the pre-1953 position should be restored in Jammu and Kashmir, about which, I think, there was unanimous opinion in Parliament that that cannot be done—the pre-1953 position, setting the clock back, and going back to a phase where the Supreme Court, where the Election Commission, where the Comptroller and Auditor General of India, where the President of India have no autonomy over Jammu and Kashmir. This would be depriving the people of Jammu and Kashmir of various rights and powers that they have acquired after 1953. This is something that neither the Government of India nor the Parliament was willing to endorse, and therefore, it was that we conveyed to the Chief Minister of Jammu and Kashmir that if there are areas where he feels that there should be greater powers with the State, and that if he has greater powers, he would be able to serve the people of Jammu and Kashmir better, we are willing to consider it. But this kind of Resolution that the pre-1953 position should be restored, is

something that neither the Government nor the Parliament would agree to. Secondly, I said, so far as this Government is concerned, this Government has, in its manifesto, said that we are in favour of devolution of powers to the State, and in that process, if Jammu and Kashmir needs special powers, we are willing to give them.

SHRI RAMAKRISHNA HEGDE: Sir, I would like to know from the hon. Home Minister one thing. When a question was put to the Pakistan President Musharraf as to what is going on across the border, he replied that it is a freedom struggle of the people of Kashmir. What role has Pakistan to play there? A freedom struggle is not fought by outsiders. If it is really a freedom struggle, it is by the people of the State itself. What role are these infiltrators, the militants, playing there in the freedom struggle?

SHRI L.K. ADVANI: What is happening in Jammu and Kashmir is naked terrorism, and those who are indulging in it, are mainly merceneries from outside Jammu and Kashmir. In the early years, it is true that the certain young men were misled, taken across the border, given training there, sent back and they were the instruments. But that was the earlier phase. During the past few years, we have seen that most of those who are killed or who are arrested, are mainly either from Pakistan or from PoK or from Afghanistan. These are the three areas from which they come. They are mercenaires, and therefore, there is no question of this being a freedom struggle or a Jehad. President Musharraf used the word 'freedom struggle'. He did not use the word 'Jehad'. But throughout these three days, or even in our personal interactions with him, he refused to accept that there is anything like terrorism in Jammu and Kashmir. He said: If at all, there is terrorism, it may be elsewhere in the world in which we are willing to cooperate with you in fighting terrorism elsewhere in the world. So far as Jammu and Kashmir is concerned, there is no terrorism there, and certainly, there is no cross-border terrorism, because there is no border. The entire Jammu and Kashmir territory is a disputed territory. All that is there is LoC. So, you can say that it is cross LoC, though he has said, "Across

the LoC, we have nothing to do with it." This was the formal stand that he took.

SHRI PRANAB MUKHERJEE: Sir, as we will have an opportunity to discuss these issues in greater detail, I would not go into the Summit or the theoretical aspect of it, but I would like to know one specific point from the Home Minister. From time to time, the peace initiative or restraining the Forces from initiating combat operations was extended, and he has admitted that, during the Ramzan period, there were lesser killings, there were lesser activities. But when it was extended in different phases, spreading over 185 days, did the Government, while extending that each time, make a review or not because, except in the month of Ramzan, it was found that the number of killings, including those of militants and of civilians, was increasing? Therefore, what was the rationale?

The second point I would like to know from the hon. Minister is this. The hard fact is that a large number of Forces were withdrawn from the normal guarding activities at the time of the Kargil War or the Kargil intrusion. As a result, during this period, when the Forces guarding the border, like CRPF and BSF were withdrawn, they were put on regular combat duties, when intrusion and infiltration took place on a large-scale. One of the operational requirements is to deploy these Forces guarding the border in a massive way to prevent such infiltration and intrusion. I would like to know whether that exercise has been completed by this time.

SHRI L.K. ADVANI: Sir, I may mention that even though during that period of six months of NICO the killings of civilians and Security Forces within the State of Jammu and Kashmir did increase, the killings and the deaths on the border, on the international border and on the LoC, considerably went down because there was no shelling. On both sides, there was restraint exercised by the Forces in respect of shelling, which also was a very welcome development, which continues, by and large, even today, though there have been breaches inbetween, occasional breaches.

So far as restroring the Forces to their respective duties is concerned, by now almost the entire exercise is over, and they are in

place to deal with the situation, whether it is infiltration or whether it is internal security.

श्री बालकवि बैरागी: चेयरमैन साहब, प्रणब जी का प्रश्न रिव्यु करने के बारे में था।... **(व्यवधान)** रिव्यु किया ही नहीं और एक्सटेंड कर दिया।

SHRI L.K. ADVANI: It was reviewed on every occasion, and in that review, it was not merely the Cabinet Committee on Security which took into account all the factors, but even the views of the Security Forces were taken into account invariably, when the decision was taken.

†**मिर्जा अब्दुल रशीद:** चेयरमैन साहब, यहां एटोनोमी के बारे में जो इश्यु उठा था, ऑनरेबल मिनिस्टर ने उसके बारे में फरमाया है कि जम्मू-कश्मीर की इलैक्टिड असेम्बली को इलैक्शन कमीशन आफ इंडिया ने इलैक्ट किया है। उन्होंने जो रिजोल्यूशन दिया, हमें अफसोस है कि गर्वनमेंट आफ इंडिया ने इसको आउट राइटली रिजेक्ट कर दिया, मैं आपकी वसादत से अपील करता हूं कि उस रिजोल्यूशन को, जो एटोनामी का है, इस हाउस मे लाया जाए और उस पर डिसकशन किया जाए, ताकि तमाम ख्यालात आएं और उसके बाद अगर उसमें कोई चेंजेज आती है तो वह जम्मू-कश्मीर की सरकार को भी मंजूर हो सकती है, within the Constitution of India. This is the only solution. इसलिए मैं अपील करूंगा कि इस रिजोल्यूयशन को हाउस में डिसकशन के लिए लाया जाए।

मुशर्रफ को आपने बुलाया, आपकी झोली में बैठकर वह ऐलान-ए-जंगकर गया और जलती मे तेल का काम कर गया। जम्मू-कश्मीर में सीज़ फायर के जमाने में हजारों की तादाद में मिलिटेंट ट्रेंड होकर वहां से आए, जो टेरोरिस्ट हैं, जो नब्बे प्रतिशत उस पार के है, पाकिस्तान के है, दूसरे मुल्कों के है। इस वक्त ऐलान-ए-जंग करने के बाद यदि ये मुजाहिद हैं, ये टेरोरिस्ट नहीं है, ये जेहाद कर रहे हैं, ये फ्रीडम फाइटर है तो इस वक्त हालात में जो बहुत तेजी आ चुकी है उस संबंध में मैं गवर्नमेंट से यह जानना चाहता हूं कि इस एल०ओ०सी० या बार्डर को रोकने के लिए और ये जो टेरोरिस्ट आए हैं इनका मुकाबला करने के लिए आपने कौन से उपाय किए हैं ताकि इस वक्त डोडा में जो यात्री मर रहे हैं या राजौरी या पुंछ में मर रहे हैं उसमें कमी आ सके। इसके लिए हमारी गवर्नमेंट क्या उपाय कर रही है?

श्री लाल कृष्ण आडवाणी: कल प्रधान मंत्री जी ने सदन को इस बात की सूचना दी है कि आगरा में अगर कोई ज्वाइंट डिक्लेरेशन नहीं हो सका तो उसका सबसे बड़ा कारण यह था कि पाकिस्तान इस बात को स्वीकार करने को ही तैयार नहीं था कि वहां पर कोई क्रॉस बॉर्डर टेरोरिज्म

†Transliteration of the speech in Persian Script is available in the Hindi version of the debate.

रहा है। उन्होंने लगातार इसे एक आजादी की लड़ाई की संज्ञा दी और इसका जेहाद के रूप में वर्णन किया। वे कहते हैं कि एक पॉलिटिकल मूवमेंट चल रहा है। उनकी इस बात से हम बिल्कुल सहमत नहीं हैं। इस बात का जिक्र स्वयं प्रधान मंत्री जी ने यहां किया है। जहां तक आपके ऑटोनॉमी रेजोल्यूशन का सवाल है कि उसका मैंने पहले ही जवाब दे दिया है कि उस रेजोल्यूशन का सार यह था कि 1953 से पहले जो संवैधानिक स्थिति थी उसे वापस लाया जाए। इसके लिए यह सरकार और मुझे विश्वास है कि पूरी संसद भी सहमत नहीं है लेकिन अधिक अधिकार देने के बारे में वहां के मुख्य मंत्री को प्रधान मंत्री की ओर से कहा गया है। इसके लिए आप जो सुझाव देंगे हम उस पर विचार करने के लिए तैयार हैं।

मिर्ज़ा अब्दुल रशीद: जो अधिकार पाएंगे ...**(व्यवधान)**...

MR. CHAIRMAN: That is all right. *(Interruptions)*... No, no. Shri Adhik Shirodkar.

मिर्जा अब्दुल रशीद: आप ऑटोनॉमी देंगे लेकिन वहां लेने वाला कोई नहीं है ...**(व्यवधान)**...

SHRI ADHIK SHIRODKAR: Mr. Chairman, I recollect that when NICO was suggested, the Shiv Sena had opposed it. The Shiv Sena was isolated in the entire House. We were ridiculed. Thereafter, when there was a talk of having talks with Pakistan, it was opposed by the Shiv Sena and again, we were isolated. Today's Government's stand shows that we were right and that they have veered round to our view and prophecy. So, henceforth, will the Government consider that the only language that Pakistan accepts and understands is power? So, negotiate from a position of power till they supplicate. Would you, henceforth, kindly consult us in greater detail before taking any such decision?

SHRI L.K. ADVANI: Sir, we have always consulted all parties, and we certainly consult a valuable ally. We have always consulted them. But I don't subscribe to the view that because at Agra there was no joint statement, it was wrong on the part of the Government to have invited President Musharraf. Though Vajpayee's Lahore yatra did not yield anything immediately, though the summit at Agra did not yield anything immediately, the Government's approach in this regard, I think, has made an impact that here is a Government

which, on the one hand, is willing to fight militancy firmly and does not compromise with it; on the other, it is willing to affirm its strength and its position in respect of Jammu and Kashmir. It is an approach aimed at a lasting and enduring peace with Pakistan. This is the objective. So, I don't agree with him.

श्री बालकवि बैरागी: वे भी चिंता करते हैं ...(**व्यवधान**)...

श्री लाल कृष्ण आडवाणी: कोई बात नहीं है। उसमें क्या है ...(**व्यवधान**)...

†**मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी:** सभापति जी, हमारी हुकूमत की तरफ से बातचीत के स्तर पर हमेशा ही यह कहा गया था कि जब तक आतंकवाद का खात्मा नहीं होता हम पाकिस्तान से किसी तरह की बातचीत नहीं करेंगे। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि वह क्या वजह थी, किस दबाव में आकर पाकिस्तान से जनरल मुशर्रफ को यहां बुलाया गया, उनकी जमकर आवभगत की गई और यहां उन्होंने मनमाने तरीके से हिन्दुस्तानी कॉज को नुकसान पहुंचाया? मिसाल के तौर पर जो यह हुर्रियत की बात हो रही है, हमारी हुकूमत भी जानती है और पूरा देश भी जानता है कि हुर्रियत कश्मीर को हिन्दुस्तान से अलग करने का भरपूर प्रयास हर तरह से करती रही है, यह उसका करेक्टर है तो हुर्रियत को जनरल मुशर्रफ साहब से मिलने का मौका क्यों दिया गया? क्या जनरल मुशर्रफ अपनी इस कूटनीति में कामयाब होने के लिए हुर्रियत से मिलना चाहते थे, ताकि दुनिया को यह बताया जाए कि जो संगठन अलगाववाद का नारा लगा रहा है, वह इतना मजबूत संगठन है कि भारत सरकार उसको हम से मिलने से नहीं रोक सकी। हुर्रियत वाले मजबूती से अपना पक्ष रखकर, हिन्दुस्तान के खिलाफ, हिन्दुस्तान की सरजमीं पर, देश की राजधानी में अपनी बात कहकर चले गए। तो क्या कश्मीर में, जैसे कि हमारे देश के होम मिनिस्टर फरमा रहे हैं कि हुर्रियत भी वहां एक आर्गनाइजेशन है। लेकिन हम कश्मीर की नुमाइन्दा आर्गनाइजेशन सिर्फ हुर्रियत को नहीं मानते। इसका मतलब यह हुआ कि हुर्रियत को भी हम कश्मीर की नुमाइन्दा आर्गनाइजेशन मानते हैं। मैं कहता हूं कि आखिर यह बात दोतरफा कैसे चलेगी? जो आर्गनाइजेशन देश के खिलाफ अभियान चलाते हुए कश्मीर के आवाम की नुमाइन्दा अपने आप को कह रहा है और जिस तरह हम कश्मीर को भारत का अटूट अंग कह रहे हैं, उसी तरह हमें यह कहना चाहिए कि हम किसी भी कीमत पर हुर्रियत को उन तमाम तंजीमों के साथ कश्मीरी प्राबलम के लिए कश्मीर का नुमाइन्दा तसलीम करने के लिए तैयार नहीं हैं। अगर हुर्रियत ने जाकर जनरल मुशर्रफ से मुलाकात की और पूरी दुनिया में इम्प्रेशन दिया गया कि जनरल मुशर्रफ साहब उस ग्रुप से भारत की धरती पर बात करने में

†Transliteration of the speech in Persion Script is available in the Hindi version of the debate.

कामयाब हुए जो ग्रुप हिन्दुस्तान से कश्मीर को हमेशा के लिए खत्म करना चाहता है। वह आर्गनाइजेशन, जो भारत के पक्ष में बोलते हैं, उन आर्गनाइजेशन को यह मौका क्यों नहीं फराहम किया गया कि वे आर्गनाइजेशन भी जनरल मुशर्रफ से हुर्रियत की तरह मिलकर हिन्दुस्तान का पक्ष रखते और कश्मीर हिन्दुस्तान का अटूट अंग होने की वजाहत करते। हमारी गवर्नमेंट ने गलतहिकमते अमली की बुनियाद पर हुर्रियत को पाकिस्तान के जनरल से मिलने दिया। क्या ऐसा करके आपने हिन्दुस्तान को एक झटका नहीं दिया, क्या गवर्नमेंट अपनी इस कूटनीति में नाकामयाब नहीं रही और क्या दुनिया में इस मीट के बाद हिन्दुस्तान को फायदा मिला यह जरा होम मिनिस्टर साहब बतलायें?

श्री लाल कृष्ण आडवाणी: हुर्रियत जैसी संस्था के साथ कोई कूटनीति करने की जरूरत नहीं है। मुझे नहीं लगता कि जो लोग रोज हाई कमीशन में जाकर उनसे बातचीत करते रहते हैं, वे अगर उनसे मिल गए तो उससे कोई नुकसान हुआ है। इससे शायद पाकिस्तान के इरादों को नुकसान हुआ होगा, हमको कुछ नुकसान नहीं हुआ है। अलबत्ता मैं इस बात को जरूर कहूंगा, इस बात का जिक्र जरूर करूंगा कि जिस समय भारत सरकार की ओर से पाकिस्तान को कहा गया कि हम इसको नापसंद करते हैं और फिर भी उन्होंने उनसे मिलना तय किया तो कुछ लोगों ने सलाह दी थी कि हुर्रियत वालों को वापस या अंदर भेज दीजिए। लेकिन मैं जानता हूं कि अगर भारत सरकार ऐसी बात करती तो कौन-कौन आलोचना करते इसका मैं अंदाजा लगा सकता हूं.....

†**मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी:** कोई नहीं करता।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी: अच्छी बात है। मैं इस बात को ध्यान में रखूंगा।

श्री सी॰एम॰ इब्राहीम: कोई नहीं करता। 96 के इलेक्शन में हमने उनको करीब नहीं आने दिया और 60 परसेंट पोलिंग....

श्री लाल कृष्ण आडवाणी: मैं बहुत खुश हूं। माननीय सदस्यों के विचारों से मैं बहुत खुश हूं।

†**मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी:** सर, एक पार्टी में जब सैयद जिलानी साहब ने कहा कि हमें सिर्फ कश्मीर के लोगों की फिक्र है तो उसी पार्टी में हमने उनको दुत्कार दिया और कहा कि हमें पूरे हिन्दुस्तान की फिक्र है। आप अलग से कश्मीर की बात नहीं कर सकते। मेरा सिर्फ इतना कहना है कि हमें अपना दूसरा पक्ष भी वहां रखना चाहिए था कि हिन्दुस्तान के अवाम की भावनायें क्या हैं। केवल हुर्रियत को ही क्यों मौका दिया गया?

---

†Transliteration of the speech in Persian Script is available in the Hindi version of the debate.

श्री लाल कृष्ण आडवाणी: मैं इतना ही कह सकता हूं कि भारत सरकार ने आगरा सम्मिट के लिए जब वहां के राष्ट्रपति को बुलाया तो सारी जितनी औपचारिकतायें हैं, सारी जितनी मर्यादायें हैं, उन सबका पूरा पालन किया, उनका निर्वाह किया। यह एक मर्यादा थी जिसके अंदर हम चले। अन्यथा मैं भी आपकी इस बात से सहमत हूं कि उनको उनसे उस समय मिलना नहीं चाहिए था।

†**मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी:** थोड़ी सी मर्यादा अगर और निभा लें तो उनका पूरा काम हो जाएगा। यह कौन सी मर्यादा है?

MR. CHAIRMAN: I think now we can move on to the next question. Question No. 42.

42. *[The questioners (Shrimati Jayaprada Nahata and Dr. Alladi P. Rajkumar) were absent. For answer, vide page 24 infra.]*

Rise in ISI/Terrorist activities after unilateral ceasefire in Jammu and Kashmir

*43. SHRI BRAHMAKUMAR BHATT: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether ISI/terrorist activities have increased during declaration of unilateral ceasefire;

(b) if so, the details thereof;

(c) the number of bomb blasts, number of civilians and soldiers killed and injured; and

(d) the number of terrorists and ISI agents identified and arrested?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI I.D. SWAMI): (a) to (d) A statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) and (b) There was an increase in terrorist related activities in J and K during the peace initiative period (27 November, 2000 to 31 May 2001), when security forces were restrained from initiating

† Transliteration of the speech in Persian Script is available in the Hindi version of the debate.